दिन– शनिवार दिनांक– 08/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष आठ मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस महिलाओं के लिए समानता के अधिकार को गति देने का भी आह्वान करता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है– **तेजी से कार्रवाई करें।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के योगदान को सम्मान देने और स्त्री–पुरूष समानता को बढ़ावा देने का अवसर है। श्रीमती मुर्मु नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण हो सकता है। श्रीमती मुर्मु ने लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए अच्छा वातारवण देने की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह को महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी देवी ने भी संबोधित किया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के नवसारी में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने देश भर में हजारों शौचालय बनाए हैं। इससे महिलाओं के लिए बुनियादी स्वच्छता और निजता सुनिश्चित हुई है, जिससे उनकी गरिमा बहाल हुई है।

———————————————————————

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में महिलाओं के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मियों द्वारा संचालित चार मॉडल ट्रैफिक पोस्ट की शुरूआत की। इधर, समस्तीपुर रेल मंडल ने आज एक अनूठी पहल करते हुए आज ट्रेनों का परिचालन, सुरक्षा और टिकट चेकिंग अभियान पूरी तरह महिला कर्मियों के हाथों में सौंप दिया है। बिहार राज्य महिला और विकास निगम की ओर से राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में दो सौ तीन सशक्त महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं ने अलग–अलग क्षेत्रों में राज्य का नाम रौशन किया है। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैराथन और खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

———————————————————————

गया के अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में आज पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। ये पासिंग आउट परेड के बाद देश को एक सौ इकसठ कैडेटों ने कमीशन प्राप्त किया। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आर. सी. तिवारी ने परेड का निरीक्षण किया। लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने नए कमीशन प्राप्त अधिकारियों से भारतीय सेना के मूल्यों और परंपराओं को बनाए रखने का आग्रह किया। श्री तिवारी ने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी कैडेट्स को पदक प्रदान किए।

———————————————————————

मोतिहारी के गांधी मैदान में शौर्य वेदनम उत्सव के आज अंतिम दिन सेना के जवानों ने हैरत अंगेज प्रदर्शन किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। अपने संबोधन में श्री चौधरी ने सेना के आधुनिकीकरण और सेना को मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तार से बात रखी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना अपने शौर्य और पराक्रम के लिए जानी जाती है। श्री चौधरी ने उम्मीद जताई कि यह आयोजन युवाओं को सेना के प्रति आकर्षित करने में मददगार होगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर के जय प्रकाश उद्यान में सम्राट जरासंध स्मारक का लोकार्पण किया। साथ ही श्री कुमार ने राजगीर जू सफारी के नवनिर्मित एवियरी का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।